हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026
[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NIRF RANKING 2025
Ranked in the Top 101-150 Universities
NAAC Accredited
UGC & AICTE Approved
600+ International Students from 33 Countries
130+ Career-Focused Programs
400+ Recruitment Partners
1200+ Internships Offered
Highest Package: INR 29 LPA

## Faculty of Information Technology & Computer Science

# Turn Your Passion for Tech Into a **High-Growth Career.**

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

**Undergraduate**
- **BCA in Artificial Intelligence & Machine Learning**
- **B.CS in AI & ML and Cybersecurity**
- **Bachelor of Animation & VFX**

**Postgraduate**
- **MCA** • **M.CS in AI & ML and Cybersecurity**
- **Master of Data Science** • **PGDCA**
- **Master of Animation & VFX**

**Diploma**
- **Diploma in Computer Applications (DCA)**

**New-Age Specialisations**
- **BCA in Game Development with AI** in collaboration with Hi TECH ANIMATION

**Powered by Industry Experts**
- **In Collaboration with IBM Innovation Centre for Education**
- **Industry-designed AI & ML curriculum**
- **Practical learning with advanced labs**

**7 Centres of Excellence** (For Practical & Applied Learning)
- TechnoViz Automation — for Industrial Internet of Things (IIoT)
- Godawari – eblu — for Research and Training on Electric Vehicles
- IBM Innovation Centre for Education — for B.Tech CS in AI & ML
- JustAuto — for Repair & Monitor of Maintenance of Vehicles
- BDS — for Robotics, Coding, and Drones
- Proud to say I am SME of India — for Micro, Small, and Medium Enterprises (MSME)
- BOSCH — for Bridge Courses

**Research & Advanced Infrastructure:**
- 90+ Advanced Laboratories (SIRO Recognised by the Govt. of India)
- Exclusive Central Instrumentation Facility (CIF) (High-end research equipment)

**Startup Ecosystem:**
- Kalinga Incubation Foundation (KIF) • 7 Functional Startups on campus
- Your startup journey starts with our mentorship



*Everything you need to build a successful tech career. All in one place.*

**Top Recruiters**
Infosys | Wipro | Oracle | Capgemini | TCS | Accenture | Bosch | Godawari | Adani | Biocon

**+91-9907252100**

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur - 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Apply through Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**


मा. अश्वनी शर्मा
मा. अशोक जैन
मा. ईशान वैष्णव
मा. डॉ. मोहन वर्मा
मा. जितेन्द्र माहले
मा. सुलोचना यादव
मा. सुमन वर्मा
मा. दौलत पाल
मा. गोपाल शुक्ला
मा. अजय राव
मा. बिपिन बिहारी
मा. खोडस राम कश्यप
मा. योगेश चंद्राकर
मा. सुरेन्द्र टिकरिहा
मा. विजय केसरवानी
मा. नंदू साहू
मा. राकेश तिवारी
मा. टेसू लाल धुरंधर
मा. विजय यादव
मा. संतोष नायक
मा. प्रणव पाण्डे
मा. कौशिल्या वर्मा
मा. अशोक अग्रवाल
मा. पुरूषोत्तम सोनी
मा. पुरूषोत्तम साहू
मा. धनंजय साहू
मा. मणिकांत मिश्रा
मा. शशिभूषण शुक्ला
मा. नरेश केसरवानी
मा. शिव कटरिया
मा. हेमंत बाघमार
मा. रविशंकर वर्मा
मा. मोहन घिकडे
मा. बलकरण सिंह ठाकुर
मा. दिनेश चौरे
मा. सरोजनी बाघमार
मा. डॉ. धनीराम साहू
मा. करण वर्मा
मा. युगल किशोर वर्मा
मा. महीश जांगड़े
मा. रामकुमार साहू
मा. संतन बांधे
मा. झालाराम वर्मा
मा. प्राणनाथ वर्मा
नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद
मान. लक्ष्मी वर्मा जी
के प्रथम मोहरा बलौदाबाजार आगमन पर
हार्दिक स्वागत...वंदन... अभिनंदन...
मा. आनंद यादव
जिलाध्यक्ष
मा. आकांक्षा जायसवाल
अध्यक्ष-जिला पंचायत
मा. सनम जांगड़े
प्रदेश अध्यक्ष-अनुसूचित जाति मोर्चा
मा. प्रमोद शर्मा
प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक
मान.श्रीमती लक्ष्मी वर्मा
नवनिर्वाचित - राज्यसभा सदस्य
मा. अदिति बघमार
प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य
मा. कृष्णा अवस्थी
महामंत्री-जिला भाजपा बलौदाबाजार
मा. द्वारिकाधीश वर्मा
अध्यक्ष-जिला किसान मोर्चा
मा. अनुपम अग्रवाल
जिला संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ
मा. जवाहर लाल वर्मा
सरपंच प्रतिनिधि, जिला मंत्री किसान मोर्चा
बलौदाबाजार-भाटापारा
दिलीप साहू
समस्त भाजपा कार्यकर्ता बलौदाबाजार-भाटापारा

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

जसगीत पर झूमे भक्त 12

विसर्जन पर निकाली शोभायात्रा 12






## जंवारा विसर्जन में दिखा गजब का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

ग्राम पंचायत वटगन में चैत्र नवरात्रि पर माता जवारा विसर्जन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। महामाया मंदिर से जोत-ज्वारा को विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात बाजा-गाजा के साथ गांव की गलियों में भ्रमण कराया गया। पूरे गांव में भक्तिमय माहौल देखने को मिला और जय माता दी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। ज्योत जंवारा छगन वर्मा एवं मनोज वर्मा के निवास से निकाला गया, जहां से श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर माता सेवा करते हुए जुलूस के साथ आगे बढ़े। यह भव्य यात्रा गांव के विभिन्न गली-मोहल्लों से होते हुए बड़े तालाब तक पहुंची, जहां विधि-विधान से माता जवारा का विसर्जन किया गया।

इस दौरान समाजसेवी भाई राजेश शर्मा द्वारा सराहनीय पहल करते हुए पूरे गांव के गली-गली एवं चौक-चौराहों पर भक्तों के लिए नींबू शरबत एवं ठंडा पानी का भंडारा कराया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए यह सेवा श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत लाभकारी रही, जिससे सभी ने उनकी इस सेवा भावना की प्रशंसा की।कार्यक्रम में रामधुनी सेवा मंडली द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया गया। पूरे आयोजन में गांव के महिला, पुरुष एवं युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



**खरोरा|** ग्राम मुड़पार में नवरात्रि के समापन पर ज्योति जंवारा विसर्जन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भक्तों ने विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर जोत-जवारा का विसर्जन किया। जय माता दी के जयकारों से पूरा गांव गूंज उठा और भक्ति संगीत ने माहौल को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। कार्यक्रम के दौरान मांदर की थाप, झांझ, मंजीरा और जस गीतों के साथ कलाकारों ने मां का भव्य विसर्जन किया। आयोजन ग्राम के अनिल कुमार वर्मा, समलू ध्रुव, बुधियारिन ध्रुव तथा महामाया माता समिति सहित समस्त ग्रामवासियों के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ।

### खबर संक्षेप

### डॉ. वंदना भेले को मिला खंड चिकित्सा अधिकारी का प्रभार



**कसडोल-सेल।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ने कसडोल विकासखंड की प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. वंदना भेले को अस्थायी रूप से प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी का दायित्व सौंपा है। वर्तमान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रविशंकर अजगल्ले 1 अप्रैल से 30 जून तक अर्जित अवकाश पर जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, डॉ. अजगल्ले ने एक माह पूर्व ही अपने अवकाश हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया था, जिसकी विधिवत स्वीकृति 24 मार्च को दे दी गई है। डॉ. वंदना भेले को निर्देश दिए गए हैं कि वे पूर्व प्रभारी अधिकारी डॉ. रविशंकर अजगल्ले से समस्त कार्यभार विधिवत ग्रहण करें। यह आदेश 1 अप्रैल से प्रभावशील होगा और आगामी आदेश तक लागू रहेगा। इस बदलाव के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों और संबंधित विभागों को प्रतिलिपि प्रेषित कर दी गई है।

### पेयजल की समस्या से जूझ रहा खैरवारडीह



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** अंचल में उपेक्षित शोषित और कुपोषित खैरवारडीह वन के एक मात्र छोटा सा वनग्राम खैरवारडीह जो कि विगत कई वर्षों तक आस-पास के गांवों को गर्मी के मौसम में पेयजल उपलब्ध कराने वाले, गांव खुद इन दिनों भीषण पेयजल की समस्या से जूझ रहा है। यहां तीन सोलर पंप लगे हैं, जो विगत कई महीनों से खराब है। ग्रामीणों ने पंच, सरपंच और जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी पर कुंभकर्णी निद्रा में लीन होने का आरोप लगाते हुए उन पर गैर जिम्मेदार व्यवहार करने की बात कही है। ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल समस्या से इस तरह जूझ रहे हैं, हम गांव में पैसे देकर टैंकर से पानी मंगवा कर निस्तार कर रहे हैं।

### कन्नौजे सेन समाज का वार्षिक अधिवेशन 31 को

**खरोरा।** श्री राधा मोहन कन्नौजे सेन (नाई) समाज का वार्षिक महाधिवेशन 31 मार्च मंगलवार को दोपहर 3 बजे मंगल भवन पुराना थाना के सामने खरोरा में आयोजित है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिकेश सेन विधायक वैशाली नगर भिलाई होंगे। अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष गंगाराम सेन करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में अनुज शर्मा विधायक धरसींवा, खेमकुमार सेन पार्षद दलदल सिवनी रायपुर, शकुंतला डिलेन्दर सेन अध्यक्ष जनपद पंचायत धरसीवा, सुमित सेन उपाध्यक्ष नगर पंचायत खरोरा, प्रहलाद सेन पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष के कर करने द्वारा कार्यक्रम संपन्न होगा।

### मुख्यमंत्री साय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अधिकारियों की बैठक ली

## जिले में ऑयल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

मध्य एशिया की वर्तमान स्थिति को देखते हुए प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थों और एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क है। शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संभागायुक्त, आईजी, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों से चर्चा कर जिलेवार स्थिति की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, इसलिए आम नागरिकों को किसी भी तरह से घबराने या किसी भी प्रकार की अफवाह या दुष्प्रचार से प्रभावित होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने अनावश्यक रूप से ईंधन या गैस का संग्रहण न करने की अपील भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थो और एलपीज़ी को लेकर कोई अप्रिय स्थिति नहीं है लेकिन भविष्य के लिये सतर्कता जरुरी है। उन्होंने सतत मॉनिटरिंग करने और जमाखोरी व कालाबाजारी करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिये।

एलपीज़ी की सुव्यवस्थित वितरण एवं मॉनिटरिंग हेतु जिले के सभी 20 वितरण केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा स्थापित कर उसका फीड जिला कंट्रोल रूम में देने के निर्देश जिला खाद्य अधिकारी को दिये गए। इसके साथ ही एलपीज़ी सिलेंडर ट्रक व टैंकर को परिवहन के दौरान किसी प्रकार की बाधा न हो यह भी सुनिश्चित कराने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया।





#### अफवाहों से दूर रहने की अपील

प्रशासन ने सभी गैस एजेंसियों और उचित मूल्य दुकानों को निर्देश दिए हैं कि वे उपभोक्ताओं को सही जानकारी उपलब्ध कराएं और पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करें। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों से दूर रहें और आवश्यक वस्तुओं का उपयोग जिम्मेदारी के साथ करें ताकि सभी को समान रूप से लाभ मिल सकें।जिला प्रशासन द्वारा मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हुए सकारात्मक और केवल तथ्यात्मक खबरों के प्रकाशन की अपील की है। वीडियो कांफ्रेंसिंग में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

#### एलपीजी रिफिल के लिए तय हुआ समय

एलपीजी उपभोक्ताओं को निर्धारित अंतराल के अनुसार ही रिफिल बुकिंग कराने की सलाह दी गई है। नगरीय क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन का अंतराल तय किया गया है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके।व्यावसायिक एलपीजी उपयोग को लेकर भी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आवश्यक सेवाओं जैसे अस्पताल और शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके साथ ही होटलों, रेस्टोरेंट और ढाबों को भी आपूर्ति किया जाएगा। बिना लाइसेंस 100 किलोग्राम से अधिक गैस भंडारण पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## पड़ोसी ने हंसिया से किया जानलेवा हमला, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

थाना क्षेत्र के ग्राम जारा में आपसी विवाद के बाद एक सनसनीखेज हमला सामने आया है। गाली-गलौज का विरोध करने पर एक युवक ने अपने ही पड़ोसी पर हंसिया से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी जितेन्द्र वर्मा को हिरासत में लिया। आरोपी



द्वारा गाली-गलौच करने से मना करने की बात को लेकर आवेश में आकर प्रार्थी पर लोहे की हंसिया से वार कर प्रार्थी को चोंट पहुंचाना स्वीकार किया गया, कि प्रकरण में आरोपी गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

#### गाली-गलौज से शुरू हुआ विवाद

प्रार्थी अशोक धुरंधर निवासी ग्राम जारा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि प्रार्थी 27 मार्च की शाम को अपने कुछ मित्रों के साथ घर के सामने बैठा था, इसी समय रात्रि करीबन 7.30 बजे आरोपी पड़ोसी जितेन्द्र वर्मा अपने घर वालों को गाली गलौज करते हुए आया, जिसे प्रार्थी द्वारा मना किया गया, जिस पर आरोपी द्वारा तुम मना करने वाले कौन होते हो, इस तरह की बातें बोलकर आवेश में आकर जान से मारने की धमकी देते हुए लोहे की हंसिया से प्रार्थी के गले में वार कर दिया जिससे प्रार्थी को चोंट आई है। रिपोर्ट पर धारा 296, 351(2), 115(2), 109(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## पड़ोसी के घर के सामने तलवार लहराकर जान से मारने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लवन

तलवार लेकर पड़ोसी को डराने-धमकाने और जान से मारने की धमकी देने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला ग्राम धाराशिव का है, जहां पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने दहशत फैलाने की कोशिश की।

प्रार्थी परमेश्वर धृतलहरे ने पुलिस को बताया कि उनका पड़ोसी 50 वर्षीय धुर सिंह धृतलहरे पुरानी रंजिश को लेकर अचानक उनके घर के सामने पहुंच गया। आरोपी के हाथ में एक पुरानी तलवार थी, जिसे लहराते हुए वह अश्लील गालियां देने लगा। आरोपी ने प्रार्थी और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी, जिससे पूरा परिवार सहम गया।



प्रार्थी की शिकायत पर थाना लवन में धारा 296, 351(3) और आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया। सूचना मिलते ही

लवन पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि पुरानी रंजिश के कारण उसने तलवार निकालकर पड़ोसी को डराने-धमकाने की कोशिश की थी।

#### 8 लीटर शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**सेल।** समाधान सेल में सूचना पर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाला शराब कोचिया ग्राम चिखली निवासी 38 वर्षीय राजेंद्र कैवर्त्य को गिरफ्तार किया है।समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में 27 मार्च को प्राप्त सूचना पर चौकी बया पुलिस टीम द्वारा ग्राम चेचरापाली मोड के पास घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते 1 आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी शराब कोचियों से 5000 कीमत मूल्य का 8.100 बल्क लीटर अंग्रेजी एवं देशी प्लेन शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त एक जुपिटर स्कूटी क्र. सीजी 22 एई 3242 जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध चौकी बया में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।




## श्रीराम जन्मोत्सव पर उमड़ा आस्था का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

रामनवमी पर नगर में आस्था का जन सैलाब उमड़ा मानो भक्ति के अविरल धारा बह रही हो। धूमाल बैंड पार्टी के साथ ही तोरन, पताकों व आकर्षक आतिशबाज़ी के साथ ही असंख्य श्रद्धालुओं के बीच हर्षोल्लास के साथ देर रात तक आराध्य देव भगवान राम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इससे पूर्व जय स्तंभ चौक में गंगा आरती की गई। पृथक से आकर्षक रथ पर विराजमान भगवान श्री राम के साथ ही एक अन्य रथ पर सवार नन्हें मुन्नें बच्चों के द्वारा भगवान राम, माता सीता, भ्राता लक्ष्मण की झांकी देखते ही बन रहा था। बहुत ही नयनाभिराम दृश्य था। वहीं विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं एवं युवाओं की टोली द्वारा जय श्री राम की उद्‌घोष के साथ ही जगह जगह आराध्य देव भगवान श्री राम की पुष्प वर्षा कर पूजा अर्चना की गई। भगवान राम के जन्म दिवस के साक्षी महिला, पुरुष एवं बच्चों का हजारों की संख्या में विहंगम दृश्य देखते ही बन रहा था।

■ जय श्रीराम के उद्‌घोष से गूंजा नगर

#### नगर में रामनवमी पर निकाली शोभायात्रा

**पलारी।** हिंदू एकता मंच के तत्वावधान में शुक्रवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर पलारी में रामनवमी पर्व उत्साह और आनंद से मनाया गया। पूरा नगर देर रात तक चले कार्यक्रम में आस्था व श्रद्धा भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां युवा और युवतियां डीजे के धुन में पूरे नगर का भ्रमण किया। वहीं 3D के जरिए प्रभु श्री राम के चरित्र को दिखाया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा वह पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा वार्ड पार्षद राधा भोला वर्मा पार्षद भूषण ठेठवार, देवेंद्र वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष भोला वर्मा आदि के आतिथ्य में भगवान श्री राम की पूजा अर्चना कर की गई। पश्चात वार्ड नंबर 12 से होते हुए बस स्टैंड पहुंची। तत्पश्चात बाजार रोड बस्ती की ओर भ्रमण किया। वापस रायपुर मार्ग बलोदा बाजार भ्रमण करते रहे देर रात तक चले इस कार्यक्रम में युवाओं में गजब को उत्साह देखने को मिला तथा देर रात तक परवान चढ़ा रहा वे पूरे जोश से भरे हुए थे। जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। इससे वातावरण राममय हो गया इस अवसर पर मीडिया प्रभारी योगेश वर्मा, प्रमोद देवांगन, महेश धीवर, रामकुमार धिवर घनश्याम वर्मा, अश्वनी टंडन, सूरज, गुरु, सोनू रजक, अरुण, शिवम वर्मा, गोपाल यादव, संदीप देवांगन, संदीप वर्मा, मनीष दुबे, हेमंत यादव, दुर्गेश यादव, सूर्य गोस्वामी, उमेश धीवर, तन्मय वर्मा, मोनू निर्मलकर, नेमीचंद साहू, रवि श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और वार्ड वासी शामिल हुए।



### प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. रमन सिंह से की मुलाकात

## रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस को दुर्ग तक बढ़ाने की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

रीवा से बिलासपुर के मध्य रोजाना चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन को दुर्ग तक बढ़ाने की मांग एक बार फिर से जोड़ पकड़ ली है। लोगों की लंबे समय से मांग को देखते हैं हुए विधानसभा अध्यक्ष ने भी एक पत्र रेल मंत्री को प्रेषित करते हुए इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लेने का अनुरोध किया है।

रीवा से बिलासपुर तक चलने वाली 18247/18248 एक्सप्रेस ट्रेन को दुर्ग तक विस्तारित करने के मांग लगातार क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण समय समय पर उठाते चले आ रहे है। मध्यप्रदेश के विंध्य क्षेत्र के लोगों की रेल कनेक्टिविटी को सीधे जोड़ने के लिए इस ट्रेन को दुर्ग से चलाने सांसद भी लगातार अपनी जागरूकता और सक्रियता का परिचय दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा में भी गत वर्ष एक अशासकीय संकल्प पारित कर ट्रेन चलाने का अनुरोध किया गया, तब से लगातार लोगों की निगाहें उक्त ट्रेन का दुर्ग तक बढ़ने का इंतजार हो रहा है।

सूत्रों ने बताया कि इस विषय को लेकर विंध्य क्षेत्र के लोगों का एक प्रतिनिधि मंडल ने छत्तीसगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है और विधानसभा अध्यक्ष ने रेल मंत्री को पुनः एक पत्र भेजकर पूर्व पत्रों का हवाला देते हुए इस जनहित के विषय पर सकारात्मक निर्णय लेने का अनुरोध किया है।

विदित हो कि बलोदाबाजार भाटापारा जिला सहित रायपुर और दुर्ग जिले में बड़ी संख्या में रीवा, सतना, सीधी, मैहर क्षेत्र के लोग रहते हैं और रीवा के लिए सीधी ट्रेन ना होने के कारण उन्हें ट्रेन पकड़ने के लिए बिलासपुर जाना पड़ता है जिस कारण उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है और उनका समय भी अत्यधिक खराब हो जाता है। ऐसे में इस ट्रेन को दुर्ग तक विस्तारित किया जाना जनहित में काफी अच्छा निर्णय होगा। इस ट्रेन विस्तार से भाटापारा, रायपुर, दुर्ग क्षेत्र को लोगों को ना केवल फायदा होगा, बल्कि रेलवे की आय में भी वृद्धि होगी।




#### घंटों खड़ी रहती है ट्रेन

इस ट्रेन की लंबे समय से मांग कर रहे यात्रियों ने बताया कि ट्रेन नम्बर 18248 रीवा बिलासपुर एक्सप्रेस रीवा से रात 10.15 मिनट को रवाना होती है और दूसरे दिन प्रातः 9.20 मिनट को बिलासपुर पहुंच जाती है और लगभग 10 घंटे तक बिलासपुर में खड़े रहती है। वहीं बिलासपुर रीवा एक्सप्रेस नंबर 18247 बिलासपुर से रात 7.20 मिनट को रवाना होती है तथा दूसरे दिन सुबह 5.55 मिनट को रीवा पहुंच जाती है तथा लगभग 16 घंटे रीवा में खड़े रहती है।

#### दुर्ग तक विस्तार से हजारों यात्रियों को राहत

विदित हो कि बलोदाबाजार भाटापारा जिला सहित रायपुर और दुर्ग जिले में बड़ी संख्या में रीवा, सतना, सीधी, मैहर क्षेत्र के लोग रहते हैं और रीवा के लिए सीधी ट्रेन ना होने के कारण उन्हें ट्रेन पकड़ने के लिए बिलासपुर जाना पड़ता है जिस कारण उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है और उनका समय भी अत्यधिक खराब हो जाता है। ऐसे में इस ट्रेन को दुर्ग तक विस्तारित किया जाना जनहित में काफी अच्छा निर्णय होगा। इस ट्रेन विस्तार से भाटापारा, रायपुर, दुर्ग क्षेत्र को लोगों को ना केवल फायदा होगा, बल्कि रेलवे की आय में भी वृद्धि होगी।

## राजा गुरु बालकदास शहादत दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लवन

सतनाम आंदोलन के लिए संचालन का केन्द्र कुआं बोड़सरा बाड़ा, तेलासी पुरी बाड़ा, गोसाईं बाड़ा गुढियारी को बनाकर सतनाम धर्म का प्रचार-प्रसार करने वाले महान राजा गुरु बालकदास का शहादत दिवस गुरु घासी दास सांस्कृतिक भवन में मनाया गया। अंग्रेजों ने साल 1820 को राजा की उपाधि प्रदान की।

गुरू बालकदास कंठी और सोने के ताग का बताएं जनेऊ धारण करते थे। वर्तमान में भी सतनामी समाज में शादी में दूल्हे राजा का जनेऊ फोड़ने का रिवाज है, जिसमें महिलाओं से गीत गाते सुन सकते हैं। प्रगतिशील सतनामी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सरजू घृतलहरे ने कहा कि 28 मार्च 1860 को अपनी ▶▶ शेष पेज 12 पर

■ सतनाम धर्म के प्रचार-प्रसार में गुरु बालकदास का रहा अहम योगदान



## खबर संक्षेप



### प्रधानपाठक ने बच्चों को खीर- पूरी और पेन कॉपी बांटी

**बगबुडा।** प्राथमिक शाला कानाकोट संकुल धमनी में पदस्थ प्रधान पाठक भूमिका कुर्रे द्वारा रामनवमी और महानवमी पर सभी के मंगल कामना के साथ शाला में सभी के लिए स्वल्पाहार का आयोजन किया, जिसमें बच्चों को जलेबी सेव, बिस्किट दिया गया और उपहार में सभी बच्चों को कॉपी और बोतल दी गई। उपहार और नाश्ता पाकर सभी बच्चे प्रसन्न हुए और सभी ने प्रधान पाठक एवं शिक्षा और बच्चेगण उपस्थित थे।

### गुमा में आज से रामायण कथा का प्रारम्भ

**भरूवाडीह/ सैहा/ गुमा।** ग्राम-गुमा में अखण्ड पांच दिवसीय रामायण कथा का आयोजन 29 मार्च से किया जा रहा है। भोजराम वर्मा (शिक्षक) अध्यक्ष रामायण समिति, सचिव मोहितराम साहू, कोषाध्यक्ष रोमनाथ यादव व जोहन ध्रुव, उपाध्यक्ष भोजराम वर्मा ने जानकारी दी कि मंचस्थ होने वाले प्रत्येक मानस मंडली को 801 रुपए एवं श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन में आसपास के सभी मानस मंडलियों को सम्मिलित होने हेतु ग्रामवासियों ने अपील की है।

## निधन

### जीवराज रात्रे



**मुड़पार-सरसीवा।** ग्राम केडियारवार निवासी बसपा के वरिष्ठ नेता जीवराज रात्रे का शुक्रवार शाम 4.20 बजे निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। जीवराज रात्रे कुछ महीनों से बीमार चल रहा था। उनके परिवार में तीन पुत्र विक्की, विवेक, विशाल, एक पुत्री वर्षा व पत्नी सहस बाई पूर्व जनपद सदस्य रही है।

### बसपा नेता जीवराज रात्रे को जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि

**मुड़पार-सरसीवा।** ग्राम केडियारवार निवासी बसपा के वरिष्ठ नेता जीवराज रात्रे के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनकी अंतिम संस्कार केडियारवार में हुआ। उन्हें श्याम टण्डन बसपा प्रदेश अध्यक्ष, संतोष देवांगन प्रदेश सचिव बसपा, डॉ. रोहित डहरिया प्रदेश महासचिव बसपा, दयाराम खुराना, छतराम नवरत्न, डॉ. टेकलाल साहू, मदन पटेल, प्रवीण सिंह मल्होत्रा, कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़, डॉ दिनेश जांगडे, कामदा जोल्हे, लक्ष्मीन प्रमोद लहरे ग्राम पंचायत टिहलीपाली के सरपंच, भूपराम लहरे, यादराम हिरवानी, शनि बंजारे छग प्रगतिशील सतनामी समाज भटगांव, सी एस साण्डे सतनाम धर्मशाला मड़वा, दरस टण्डन, उतरा भोई, एड. डगेश खटकर. बी डी भारद्वाज अध्यक्ष सतनामी विकास परिषद सारंगढ़, एंड रमेश अनंत उपाध्यक्ष सहित सर्वसमाज के सैकड़ों जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध वर्ग व ग्रामवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कृषि अनुसंधान केंद्र में लगा जिला तिलहन मेला एवं हुई कृषक-वैज्ञानिक परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर एवं दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन के अंतर्गत जिला स्तरीय तिलहन मेला और आत्मा योजना के अंतर्गत कृषक–वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, विशेष अतिथि जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम वर्मा एवं जिला पंचायत सभापति राजा जायसवाल की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों एवं प्रगतिशील किसानों के साथ सार्थक संवाद स्थापित हुआ, जिसमें तिलहन फसलों की उन्नत किस्मों, आधुनिक कृषि तकनीकों, उत्पादन वृद्धि के प्रभावी उपायों तथा विपणन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

विशेषज्ञों द्वारा राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि देश में तिलहन उत्पादन को बढ़ाकर खाद्य तेल के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना इस योजना का प्रमुख लक्ष्य है। वहीं आत्मा योजना के अंतर्गत किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन एवं नवाचार से जोड़कर उन्हें सशक्त बनाने के प्रयासों की जानकारी दी गई।

## जिले में तिलहन उत्पादन को मिलेगा नया आयाम




### किसानों की आय बढ़ाना की दिशा में पहल

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कृषि हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान हमारे अन्नदाता हैं। ऐसे आयोजन किसानों को आधुनिक तकनीकों, उन्नत बीजों एवं वैज्ञानिक पद्धतियों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन के माध्यम से तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देकर हम किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ देश को खाद्य तेल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। आत्मा योजना के अंतर्गत कृषक–वैज्ञानिक संवाद किसानों को नई जानकारी, प्रशिक्षण एवं व्यावहारिक समाधान प्रदान करता है, जिससे वे अपनी खेती को अधिक लाभकारी बना सकते है इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा जनपद सदस्य खन्ना साहू, लक्खीराम वर्मा एवं क्षेत्र के कृषकगण एवं महाविद्यालय परिवार उपस्थित थे।



### जसगीत पर झूमे भक्त

**भैंसा।** चैत्र नवरात्रि के दिन शुक्रवार को ज्योत जंवारा का विसर्जन किया गया। नौ दिनों तक मातारानी के आस्था व विश्वास के प्रतीक ज्योत जंवारा की विसर्जन यात्रा स्थानीय शीतला तालाब के लिए निकाली। पारंपरिक सेवा जसगीत पर भक्त झूमते नाचते आगे बढ़ रहे थे। अनेक ज्योत जंवारा विसर्जन के लिए शीतला तालाब पहुंचे जिसके चलते माता भक्तों की भारी भीड़ काली माता मंदिर से शीतला तालाब तक बनी हुई थी। भक्त नम आंखों से माता रानी के आस्था के प्रतीक ज्योत जंवारा को अंतिम विदाई दे रहे थे।

### हसुवा तालाब में ज्योत जंवारा का विसर्जित



**पनगांव।** शक्ति की उपासना और भक्ति का पावन पर्व चैत्र नवरात्रि शनिवार को पनगांव में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। नौ दिनों तक चली मां महामाया की अनवरत सेवा के पश्चात, स्थानीय मां महामाया मंदिर में स्थापित कलश और जंवारा का शोभायात्रा के साथ विसर्जन किया गया। शनिवार को मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ जवारा विसर्जन की शोभायात्रा हसुवा तालाब के लिए निकाली गई। इस दौरान पूरा गांव माता के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

## पर्व : जंवारा विसर्जन के साथ नवरात्रि पर्व समापन

# भक्ति भाव के साथ ज्योत जंवारा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को चैत्र नवरात्रि की नवमी के अवसर पर जंवारा विसर्जन धूमधाम और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया जिसमें विशेष रूप से महिलाएं सिर पर जंवारा लेकर मंदिरों तक पहुंची और विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की।

अर्जुनी, टोनाटार, खैरताल, पुरेना, मोपर, नवागांव, धवई, भद्रापाली सहित अन्य गांवों में यह आयोजन दिखाई दिया। विसर्जन के दौरान सरपंच विष्णु कोसले, उपसरपंच पिंकू वर्मा, दौलत कुंजाम, मेघनाथ ध्रुव, शैलेंद्र जायसवाल, राजेंद्र रजक, पूर्व उपसरपंच गेंदराम वर्मा, पंच प्रतिनिधि रूपनारायण, रजक रामकुमार जायसवाल, पूनम रजक, मेघु रजक, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।



### कुर्रा में ज्योत जंवारा का विसर्जन

**बंगोली।** ग्राम कुर्रा के रुपेश यादव, तुलसी यादव, गिरधारी यादव सहित समस्त यादव परिवार द्वारा अपने निज निवास में ज्योत जंवारा, फुलवारी स्थापना कर श्रद्धा भक्ति भाव उल्लास से नौव दिनों तक मां जगदंबे पूजा अर्चना की गई। शनिवार को ज्योति जंवारा व फुलवारी का शितला तालाब में विर्सजन किया गया। विसर्जन यात्रा ग्राम के नवयुवक जसगीत सेवा समिति कुर्रा विसर्जन गीत गाते हुए मॉ महामाई शितला तालाब विसर्जन घाट ले गये। जंवारा विसर्जन में समस्त ग्रामवासी कुर्रा, बंगोली के भक्त श्रद्धालु शामिल हुए।



### धूमधाम से ज्योत जंवारा का विसर्जन



**भवानीपुर।** क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि पर ज्योत जंवारा का विसर्जन किया गया, जिसमें गांव के माता सेवा मंडली द्वारा माता जस गीत मंदार की धुन में विसर्जन किया गया। क्षेत्र के भवानीपुर, खपरी, दतरेंगी, गिधपुरी, भरुवाडीह, हरिनभट्ट सहित विभिन्न गांव में महामाया मंदिर एवं घरों में जग जवारा का आयोजन 9 दिन विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करने के बाद अपने परिवार एवं गांव की खुशहाली की कामना करते हुए जंवारा का विसर्जन किए।



### मुंडा में जंवारा का विसर्जन

**मुंडा।** ग्राम पंचायत मुंडा में चैत्र नवरात्रि की नवमी तिथि पर जंवारा विसर्जन के लिए गांव में शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान मंगल आरती करते हुए नया तालाब में विसर्जित किया गया, जिसमें सम्मिलित भोला वर्मा, लूकेश्वर फेकर, बूठाला फेकर, ऐजराम वर्मा, शिवचरण साहू, परमेश्वर साहू, उमाशंकर वर्मा, हीरालाल वर्मा, दुखू फेकर, समारू फेकर, मंगल फेकर, रोहित फेकर, मोहित फेकर, सहित ग्रामवासी सम्मिलित रहे।

## खरोरा के मंदिर और घरों में कन्या भोज



**खरोरा।** चैत्र नवरात्रि पर नगर के मंदिरों एवं घरों में श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने ज्योत-जंवारा स्थापित कर विधि-विधान से पूजन कर अपनी आस्था प्रकट की। अष्टमी पूजन के बाद कन्या पूजन का विशेष महत्व माना जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने कुंवारी कन्याओं को सुसज्जित कर उन्हें देवी स्वरूप मानकर पूजा-अर्चना की तथा भोग लगाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मान्यता के अनुसार कुंवारी स्वरूप कन्याएं मां दुर्गा का स्वरूप होती हैं। नगर के विभिन्न मंदिरों सहित घर-घर में आयोजित इस कन्या भोज कार्यक्रम में भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे वातावरण में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचालन देखने को मिला ।

## नारुंग दाई का गोंगो दिवस मना




**पनगांव।** ग्राम बिटकुली में इस वर्ष भी आदिवासी गोंड बहुजन समाज द्वारा नारुंग दाई का गोंगो दिवस कार्यक्रम रखा गया, जिसमें जुनूर दाई के आठ सेविका के नाम से अष्टमी का गोंगो गोंडी रीति रिवाज गोंडी संस्कृति विधि से संपन्न हुए, जिसमें संचालनकर्ता करता भूमका गुरु, संतोष नेताम, सहयोगी भूमिका, दुर्गेश मरकाम, ग्राम सरपंच हेमंत कोसरे उपसरपंच अनिल मरकाम, रामसागर, जगत शामिल रहे। सगजन दुर्गेश मरावी काशी मरावी राकेश मरकाम नरेश नेताम ज्योति मरावी भुवनेश्वरी मूर्ति लोमेश्वरी हिमांशी परसराम मरावी एवं छोटे बड़े सभी सगा समाज उपस्थित थे।

## विसर्जन पर निकाली शोभायात्रा



**खरोरा।** क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि महा अष्टमी पर मंदिरों में देवी का विशेष श्रृंगार किया गया तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इसके पश्चात शुक्रवार को विभिन्न मंदिरों से ज्योति कलश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर में नवमी के दिन सबसे पहले महामाया मंदिर से जवारा विसर्जन का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा जंवारा की पूजा-अर्चना की गई और सुख-शांति की कामना की गई। दशमी तिथि पर हवन-यज्ञ और पूर्णाहुति के साथ नवरात्रि का समापन हुआ।

## मां महामाया मंदिर के 74 ज्योत का विसर्जन



**बलौदाबाजार।** ग्राम गैतरा में चैत्र नवरात्रि पर मां महामाया मंदिर में इस वर्ष 74 श्रद्धालुओं द्वारा ज्योति कलश स्थापित कर माता रानी की विधिवत आराधना की गई। पूरे गांव में भक्ति एवं आस्था का वातावरण रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति के प्रमुख सदस्य कृष्ण कुमार वर्मा, दिलेश वर्मा, थानसिंह वर्मा, दुजराम ध्रुव, देवलाल वर्मा, सुखनंदन साहू, सुखदेव वर्मा, भागीरथी कुर्रे सरपंच, देवेन्द्र वर्मा, ललित वर्मा, सहदेव वर्मा, कुलेश्वर वर्मा, सुखराम यादव एवं बेदराम रजक सहित ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

# 74 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



रक्तदान महादान की भावना को साकार करते हुए श्री सीमेंट लिमिटेड की इकाई श्री रायपुर सीमेंट प्लांट, खपराडीह द्वारा एक दिवसीय रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया।शिविर में कुल 74 रक्तवीरों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया। रक्तदाताओं को श्री सीमेंट द्वारा फल वितरित किए गए तथा रेड क्रॉस सोसायटी रायपुर की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर का शुभारंभ इकाई प्रमुख हुकम चंद गुप्ता ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्री सीमेंट अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति सजग रहते हुए समाजहित में इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

शिविर के दौरान मानव संसाधन प्रमुख अनिल कुमार पाठक ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

कार्यक्रम में पर्सनल हेल्थ सेंटर के डॉ. संतोष कुमार, डॉ. ऋषभ चौहान, मनीष साहू, अभिषेक जॉन, सुनील कुमार, ईश्वर प्रसाद साहू, रामध्यान कुशवाहा एवं रामकुमार साहू सहित उनकी टीम का विशेष योगदान रहा।

वहीं इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी रायपुर इकाई के प्रभारी डॉ. सत्यनारायण पांडे, डॉ. देवेंद्र दुबे एवं उनकी टीम ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रक्तदान जीवनदान के समान है और यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। उन्होंने श्री सीमेंट द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले रक्तदान शिविरों के लिए आभार भी व्यक्त किया। इस आयोजन में एचआर विभाग एवं श्री फाउंडेशन ट्रस्ट के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनके सहयोग से कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

### साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**सिमगा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत साहू एवं प्रदेश पदाधिकारी रोबिन साहू, विक्रमादित्य साहू, जितेन्द्र साहू, हर्ष साहू, मनीष साहू, शेखर साहू, लोकेश साहू के प्रथम सिमगा आगमन पर जयस्तंभ चौक में युवा नेता हेमन्त साहू के नेतृत्व में आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का कार्यकर्ताओ द्वारा मंचीय कार्यक्रम में सभी का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। उक्त अवसर पर मुरली साहू, हितेश साहू, रोशन साहू, सुरेश साहू, अभिषेक साहू, राहूल साहू, दीपक साहू, ओमकार साहू, राजा साहू आदि उपस्थित थे।



# वर्ल्ड स्कूल में यूकेजी में हुआ दीक्षांत समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिला मुख्यालय के पुराना बस स्टैंड स्थित एक्सट्राऑर्डिनरी क्लास वर्ल्ड स्कूल में यूकेजी के विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। यह अवसर उन छोटे विद्यार्थियों के लिए बेहद खास रहा, जिन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा का पहला चरण पूर्ण कर अब प्राथमिक कक्षाओं में प्रवेश की ओर कदम बढ़ाया।

दीक्षांत गाउन और कैप पहने नन्हें स्नातक आत्मविश्वास से भरपूर नजर आए, जो समारोह का मुख्य आकर्षण रहे। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया।

समारोह के दौरान सभी विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं कुछ बच्चों ने विद्यालय में बिताए अपने शुरुआती अनुभव साझा किए, जिसे सुनकर पूरा परिसर तालियों की गूंज से भर उठा। प्रधानाचार्या डॉ. एकता शुक्ला ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा की मजबूत नींव ही सफलता की कुंजी है और यह समारोह बच्चों के जीवन की पहली महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर संचालक टूकेश्वर वर्मा ने भी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के संस्थापक अशोक कुमार तिवारी ने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## पेज 11 का शेष

### राजा गुरु बालकदास...

प्राणों की आहुति देने वाले राजा गुरु बालकदास ने अपनी अंतिम श्वांस कोसा मुलमुला में ली। उन्होंने अपने भाई गुरू अगरदास और साहेब दास को देखकर भासरी आवाज में बोले कि ये सतनाम के प्रचार चारो खुट करहू गुरु अगरदास और साहेब दास बैलगाड़ी से उनके पार्थिव देह को भंडारपुरी लाए जहां अंतिम दर्शन के लिए लाखों लोग एकत्र हुए। तालाब पार में अंतिम संस्कार कर समाधि बनाएं, जो आज भी है। कोसामुला और उस क्षेत्र के लाखों सतनामी कोसा मुलमुला में यादगार स्वरूप वहां भी समाधि प्रतीक बनाकर आदरांजलि अर्पित किए और दशगात्र कार्यक्रम कराएं। उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किए और बताया कि अपनी रक्षा के लिए सतनाम सेना का गठन कर समाज को सशक्त और संगठित करने का उपदेश दिया। सतनामी संगठन को मजबूती प्रदान करने गुरू राजमहंत, अठगंवा और हर गांव में भंडारी, छड़ीदार बनाए जो सामाजिक कार्य को बढ़ावा देने आगे रहे तत्पश्चात लवन ब्लाक प्रगतिशील सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सर्व सहमति से भाई गुलशन कुर्रे को बनाया गया। इस कार्यक्रम में प्रगतिशील सतनामी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सरजू प्रसाद घृतलहरे, प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे, दीपक घृतलहरे, जगन्नाथ महिलागे, सुरेन्द्र दिव्यकर, सुखनंदन बघेल, नरेंद्र डहरिया, द्वारिका घीडाले, ओमप्रकाश गायकवाड़, मैनेजर डहरिया, वीरेंद्र कुर्रे, सुरेन्द्र बघेल, किशोर नारंगे, माहेश्वरी कुर्रे, तनूजा घृतलहरे, पुष्पा बंजारे, कीर्तन कोशले, सावित्री बंदे, आशा कोशले, मंजू घृतलहरे, जामुन रात्रे सहित सामाजिक लोग उपस्थित थे।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130